# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विष्वविद्यालय
# पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंहनगर (उत्तराखण्ड)

## विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों का प्रतिष्ठित कम्पनी में चयन

पंतनगर। 10 जुलाई 2025। विश्वविद्यालय के सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय द्वारा मैसर्स के12 टेक्नो सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा मूल्यांकन परीक्षण एवं साक्षात्कार के आधार पर विश्वविद्यालय के सात विद्यार्थियों क्रमशः संजना वर्मा एवं अवंतिका देवरारी (बी.टे. कम्प्यूटर इंजीनियरिंग), हिमानी फुलारा (बी.एससी. कम्यूनिटी साईंस), ओबैद अली खान, शौर्य पुनीत गर्ग एवं श्वेता सिंह चौधरी (बी.टेक. मैकेनिकल इंजीनियरिंग) तथा देवांश घिडियाल (बी.टेक. इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग) का चयन किया गया। चयनित विद्यार्थियों को प्रशिक्षण के उपरान्त रू. 6.00 लाख प्रतिवर्ष के साथ ही अन्य सुविधाएं देय होगी।

विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय के प्रयासो की सराहना की तथा चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी है। सेवायोजन एवं परामर्श निदेशक डा. एम.एस. नेगी और सह निदेशक डा. गीता पाठक ने भी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी व चयनित विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुये बताया कि पूर्व की भांति भविष्य में भी निदेशालय अन्य क्षेत्रों में भी विद्यार्थियों के सेवायोजन हेतु प्रयासरत रहेगा।





